# केंद्रीय विद्यालय क्रमांक -१ वायु सेना स्थल आदमपुर

# न्यूनतम साझा कार्यक्रम पत्र 2022-23

## CMP Newsletter 2022-23 (I Term)







**सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम समाचार पत्र के माध्यम से हम अपनी प्राथमिक विभाग की गतिविधियों को प्रतिबिंबित करते हैं | बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पढाई की आवश्यकताओं को पूरा किया जाता है | हमारे विद्यालय द्वारा आयोजित क्रियाकलापों की एक झलक इस समाचार पत्र के माध्यम से प्रस्तुत की गयी है |**

Activities of primary students and Teachers are reflected through CMP newsletter. Different different activities are conducted for the holistic development and as per the educational needs of young minds. Glimpses of activities conducted by our Vidyalaya is reflected in this CMP Newsletter.



श्री राकेश कुमार

# प्राचार्य संदेश ...

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक –1 आदमपुर के सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम पत्र को साँझा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है |

केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तथा सतत एवं व्यापक मूल्यांकन प्राथमिक शिक्षा के लिए अग्रणी प्रयास है | यह पत्र विद्यार्थियों के उत्साह, शक्ति एवं जोश को प्रदर्शित करता है | आनंदमय और तनावमुक्त चित्त की अवस्थाओं में ही बुद्धि का सही दिशा में अनुप्रयोग इष्टतम हो सकता है |

मैं इस विद्यालय के अध्यापकों से ऐसे निर्देशों की आशा करता हूँ जिससे विद्यार्थियों को सफलता के पथ पर अग्रसर किया जा सके और उन्हें सशक्त बनाया जा सके तथा 'आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता ' एवं निपुण भारत के निर्धारित 'लक्ष्यों' को प्राप्त किया जा सके |

## FROM THE PRINCIPAL'S DESK ...

*It gives me immense pleasure to share the glimpses of the activities of CMP for term-1 of session 2022-23 by the primary section of this Vidyalaya. The common Minimum Programme coupled with continuous and comprehensive Evaluation is a pioneering and path breaking endeavour of KVS for total quality management of primary Education. This Newsletter is one of those multifarious outlets that allows tiny tots to use their skills for holistic development. Application of intelligence in the right direction can be optimum in a blissful and stress free state of mind for students to empower them towards the path of success.*

*I look forward for such direction from educators of this Vidyalaya to provide all the opportunities to achieve the 'Lakshayas' of 'Foundational Literacy and Numeracy' and NIPUN Bharat.*

# उपप्राचार्य संदेश ..



श्री सुनील कुमार करवल

**केंद्रीय विद्यालय क्रमांक –1 आदमपुर के शैक्षणिक सत्र २०२२-२३ के सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम पत्र को साँझा करते हुए**

**अत्यंत प्रसन्नता हो रही है I सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम पत्र के प्रकाशन का इंतज़ार रहता है क्योंकि यह प्राथमिक विभाग के सृजनशील विद्यार्थियों की सृजनात्मकता को प्रदर्शित करता है | यह पत्र विद्यार्थियों की सृजनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने का एक अनिवार्य रूप है | मुझे पूरा विश्वास है कि अध्यापकों एवं अभिभावकों के निरंतर प्रयास से हमारे विद्यार्थी जीवन के प्रत्येक स्तर पर कामयाब होंगे तथा मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ | मैं इस पत्र के प्रकाशन के सभी योगदानकर्ताओं एवं प्रकाशन मंडल के सभी सदस्यों को उनके सृजनात्मक प्रयास के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ**

“It is a matter of immense pleasure for us that the CMP Newsletter of first Half (APRIL-September) of the academic session 2022 -2023 of Kendriya Vidyalaya No1 AFS Adampur is ready to provide a wide spectrum of ideas with many shades of colour depicting the efforts, hopes and creativity of blooming dales. CMP Newsletter is one of the most awaited internal publications, which chronicles various activities of the primary students. The newsletter is an imperative forum for encouraging creativity among the budding artists and thinkers from primary classes. I congratulate the members of editorial board for their vibrant and sincere efforts. I am quite sure that with the ceaseless efforts of teachers and parents, our students will do wonders in every walk of life. May the future become more conducive for learning, teaching, growth and development. I convey my best wishes to the contributors and also to the editorial team for this creative endeavour.”

*From HM's Desk. . .*



**श्रीमती बलजीत तुली**

**मुझे इस कार्यक्रम के पत्र को साँझा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है । यह पत्र बच्चों एवं अध्यापकों द्वारा किये जा रहे प्रयासों को दर्शाता है जो कि शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को क्रियाकलापों के माध्यम से पूरा करने के लिए प्रेरित करते हैं।**

**आज का विद्यार्थी ही कल का भविष्य है अतः उनका सर्वांगीण विकास अत्यंत आवश्यक है और न्यूनतम सांझा कार्यक्रम हर बच्चे को सर्वांगीण विकास के सभी अनुकूल अवसर प्रदान करता है। शुभाशीष है कि विद्यालय वाटिका के ये नन्हे फूल अपनी प्रतिभा से देश को महकाएं एवं सफलता के नए आयाम छुएं।**

*It is a great delight for me to bring out this marvellous edition of this News letter. I put on records, my humble words of appreciation for the tiny tots and their teachers, for a colourful presentation of this Newsletter, which showcases the activities taken up during the session to make learning a joyful experience.*

*Serving children in a meaningful direction promises a better society in days to come. CMP ensures the gateway of each and every child to show his or her inner potential. I congratulate all the contributors, teachers, editorial board for bringing out this CMP News letter.*

# संपादक मंडल

श्रीमती बलजीत तुली

श्रीमती मीनू

श्रीमती शिखा

# कक्षा प्रथम का विद्यालय आगमन (VIDYA PRAVESH)




20 जून २०२२ को विद्यालय के प्राचार्य जी एवं प्राथमिक विभाग के शिक्षकों द्वारा कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया | अभिभावकों को विद्या प्रवेश कार्यक्रम से अवगत करवाया गया एवं बच्चों के सर्वांगींण विकास के लिए उनकीं भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागृत किया गया |

Tiny tots of class-1 were welcomed to school by worthy Principal sir and Primary teachers on 20/06/2022. Parents were sensitize about VIDYA PRAVESH programme and their role for holistic development of children

# कक्षा-कक्ष गतिविधियाँ (Classroom Activities)




शिक्षण को रोचक , समझने में आसान और प्रभावी बनाने के लिए शिक्षण में गतिविधियों का उपयोग किया जाता है | यह लक्ष्यों, उद्देश्यों, अधिगम अनुभवों, अनुदेशात्मक संसाधनों और आकलन को रेखांकित करता है |

Activity based teaching method is adopted by teachers to make the TLP interesting, creative, easy and effective. In activity based teaching students participate rigorously and bring about efficient learning experiences.

# तकनीकी माध्यम से शिक्षण (ICT Based Teaching)



शैक्षिक तकनीकी अधिगम की प्रक्रिया को अधिक सरल एवं सशक्त बनाती है | शिक्षा में तकनीकी का एकीकरण निर्धारित उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायक होता है |

Integration of technology in education refers to the use of technology to enhance the learning experiences of students. The implementation of technology creates pathways for differentiated instruction to meet the unique needs as individual learners.

# शिक्षण प्रक्रिया में शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रयोग

## (TLMs Based Teaching)






शिक्षण सहायक सामग्री को TLM एवं Teaching Aids के नाम से भी जाना जाता हैं। यह शिक्षण को प्रभावशाली बनाने का एक उत्तम साधन हैं। इसके द्वारा अध्यापनीय सामग्री को सरस तथा सरल रूप प्राप्त हो जाता है। विषय-वस्तु की स्पष्टता बढ़ जाती है। अध्येय सामग्री रोचक शैली में प्रस्तुत होने के कारण अधिक बोधगम्य बन जाती है। प्रत्यक्ष अनुभव के कारण स्वयं सीखने की प्रवृत्ति को प्रेरणा तथा बढ़ावा मिलता है

Teaching-Learning Materials (TLMs) are important for the teachers in teaching his/her lesson effectively as it help him/her to a better interpretation and appreciation of the concepts, contents as well as the subject matter. TLMS also enables the students to proceeds towards concrete learning.

# खिलौना आधारित शिक्षाशास्त्र कार्यशाला

# (Toy Based Pedagogy Workshop)



विद्यालय के प्राचार्य श्रीमान् राकेश कुमार जी की देखरेख में विद्यालय में एक दिवसीय ‘<u>खिलौना आधारित शिक्षाशास्त्र कार्यशाला</u>’ का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमती निरुपमा शर्मा एवं श्रीमती सुदेश रानी ने खिलौना आधारित शिक्षण के महत्व एवं इसकी विभिन्न विधियों के बारे में बताया |

**One day ‘<u>Toy Based Pedagogy</u>’ workshop was conducted in the Vidyalaya. Ms Nirupma sharma and Ms Sudesh Rani sensitize all primary Teachers about different methods based on Toy Based Pedagogy.**

# खिलौना आधारित शिक्षण

# (Toy Based Teaching)




**शिक्षण एवं अधिगम प्रक्रिया में खिलौनों का विशेष योगदान है | प्राथमिक विभाग में शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए खिलौना आधारित शिक्षण पद्धति का प्रयोग किया जाता है |**

**Toys play a vital role in Teaching - Learning process. Toy Based Pedagogy is adopted while teaching in primary classes to make the teaching learning process more effective and interesting.**

# Remedial Teaching (सुधारात्मक शिक्षण)




आधुनिक शिक्षण में 'निदानात्मक एवं उपचारात्मक शिक्षण' एक नवीन प्रयोग है | शिक्षण सम्बन्धी कठिनाई एवं कारणों को दूर करने में समुचित शिक्षण प्रक्रिया अपनाई जाती है जिससे विद्यार्थी को उसकी योग्यता के अनुसार शैक्षणिक प्रगति करने का अवसर मिल जाता है |

The primary aim of remedial education is to help students in regular schools cope with the prescribed school curriculum, to help students develop study skills, to give one-on-one intensive instruction in language skills and mathematics and to improve their overall academics.

# योग दिवस (Yoga Day 2022)




योग के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने और पूरी दुनिया में योग को पहुँचाने के लिए हर वर्ष २१ जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है | इस वर्ष योग दिवस का थीम “मानवता के लिए योग” रखा गया |

Yoga day is celebrated on 21 June every year to spread awareness about the significance and advantage of yoga. It is being said that yoga helps balance the body and brain. Theme for this year was “Yoga for Humanity”.

# कब एवं बुलबुल गतिविधियाँ

## (Cubs & Bulbul activities)






विद्यालय की कब एवं बुलबुल यूनिट द्वारा विभिन्न गतिविधियाँ की जाती हैं | 13/07/2022 को विद्यालय स्तर पर प्रवेश जांच शिविर का आयोजन किया गया| विद्यालय में 21/09/2022 को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस मनाया गया| इसके लिए इस वर्ष की थीम “जातिवाद ख़त्म करें, शांति का निर्माण करें” रही | ये सारी गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं |

Different activities are performed by the Cubs and Bulbul unit of the Vidyalaya. ‘Pravesh Testing Camp’ was organised at Vidyalaya level on 13/07/2022. International Day of peace was celebrated in the Vidyalaya on 21/09/2022. Theme for International Day of peace 2022 was “End Racism, Build Peace”. All these activities are helpful in the holistic development of students.

# पाठ्य सहगामी गतिविधियाँ

## (Co-curricular Activities)






पाठ्य सहगामी गतिविधियाँ विद्यार्थियों की सृजनात्मक सोच, सामाजिक एवं संगठनात्मक निपुणता तथा रोचक अभिरुचियों के विकास में सहायक होती हैं विद्यालय में समय समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है जो कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत लाभदायक होती हैं |

Co-curricular activities fuel students’ learning by stimulating creative thoughts, improving social and organizational skills, developing interests and talents and offering the chance to do something they really enjoy. Many CCA activities are conducted in the Vidyalaya as per the schedule.

# स्वास्थ्य जाँच (Health Check Up)




प्राथमिक ऊपचार केन्द्र आदमपुर द्वारा विद्यालय में जाँच शिविर लगाया गया जिसमे छात्रों के स्वास्थ्य की जाँच की गई तथा बच्चों को स्वास्थ्य और सफाई से अवगत करवाया गया |

Health Testing camp was organised by Primary Health Centre Adampur. Students were sensitize about health and hygiene.

# स्वतंत्रता दिवस समारोह

# (Independence Day Celebration)




15 अगस्त 2022 को विद्यालय में आज़ादी का महापर्व “स्वतंत्रता दिवस” बड़ी धूमधाम से मनाया गया तथा हर घर तिरंगा अभियान में भी बढचढ़कर भाग लिया | इस वर्ष 15 अगस्त को हमारे देश भारत को आज़ाद हुए 75 वर्ष पूरे हुए हैं अतः इस उपलक्ष्य में “आज़ादी का अमृतमहोत्सव” मनाया गया | इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए तथा प्राचार्य जी द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया |

76$^{th}$ Independence Day was celebrated On 15$^{th}$ August 2022 in the Vidyalaya. 75 weeks long program ‘Azadi ka Amrit Mahotsav’ was observed to celebrate the completion of 75 years of Independence. Students presented many cultural programs on this occasion and Principal sir distributed sweets to students. **Azadi ka Amrit Mahotsav means ‘Elixir of energy of independence’. The Theme of Independence Day 2022 was- ‘Nation First, Always First’.**

# धन्यवाद

# THANK YOU